






**आरोपियों में एक नाबालिग शामिल, 3 किलो चांदी जब्त, तीन आरोपी फरार**

# सराफा व्यवसायी से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,03 फरवरी. देहात थाना पुलिस ने 26 जनवरी को रैकी कर दिया था घटना को अंजाम सभी आरोपियों के विरुद्ध अलग -अलग थानों में अपराध दर्ज हैं.**



## घटना का सक्षिप्त विवरण

आवेदक ओमचन्द पिता हरलाल सोनी उम्र 70 साल निवासी गांगीवाडा ने एफ.आई.आर में बताया कि वह प्रत्येक सोमवार को ग्राम खंसवाडा साप्ताहिक बाजार में सोना चांदी की दुकान लगाता है। 26 जनवरी को दिन सोमवार को ग्राम खंसवाडा में साप्ताहिक बाजार में टीव्हीएस एक्सल से सोना-चांदी से भरा थैला लेकर बाजार गया था। शाम को बाजार समाप्त होने के बाद वापस अपने घर आ रहा था। शाम 05.45 बजे भमाडा चौक के समीप पहुंचा था। उसी समय पीछे से दो बाइक से चार व्यक्ति आये और मेरी मोपेड को साईड से टक्कर मारकर रोड पर गिया दिया। मुझे रोड के नीचे खींचकर ले गये और मारने पीटने लगे। इसके बाद थैले में रखा सोना चांदी से भरा बैग छीनकर ले गए। बैग के अन्दर सोने चांदी के जेवरात थे जिनकी कीमती करीब तीन लाख रुपये थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी अजय पाण्डे एवं एएसपी आशीष खरे के मार्गदर्शन में सीएसपी अजय राणा के निर्देशन में टीआई ने अलग अलग टीम गठित की। सायबर सेल की मदद से कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया। 02 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली की प्रकरण में संदिग्ध आकाश मालवीय और राजेश मालवी जेवरों के बंटवारे को लेकर आपस में झगड रहे हैं। पुलिस ने दोनों संदिग्धो को अभिरक्षा में लेकर कडाई से पूछताछ।

जिसमें दोनों आरोपियों ने सचिन सोनी निवासी सोनी मोहल्ला छोटी बाजार के साथ योजना बनाकर गांगीवाडा के सराफा व्यवसायी को अपने अन्य साथी बिलाल उर्फ बिल्ला खान, राजेश मालवी, आकाश मालवीय, कीकू उर्फ केकडा, राहुल रसियन, नैतिक उर्फ नैतू एवं एक नाबालिक के साथ मिलकर घटना स्थल पर रैकी कर घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने चांदी के जेवर आपस में बांट लिए थे। सोने के जेवर सचिन सोनी के कहने पर केकू उर्फ केकडा के पास रखवा दिए थे। सचिन सोनी ने अन्य आरोपीगणों से यह कहा गया था की सोने का रेट जैसे ही बढ़ेगा तब इन सोने के जेवरों को बेचेगें। पुलिस ने एक नाबालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी फरार हैं।गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा पूर्व में भी शहर के अलग अलग थानों में मारपीट जुआ शराब के अपराधिक मामले दर्ज हैं.

### इनकी रही भूमिका

इस पूरे मामले में निरीक्षक जी.एस. राजपूत थाना प्रभारी देहात, उनि दुर्गेश तिवारी, सउनि संदीप राजपूत, आर. 779 सौरभ बघेल, आर. 275 सूरज, आर. 148 शेरसिंह, आर. 556 अर्जुन, आर. 1077 आशीष, आर. 414 ब्रजेश आर. 836 उमेश, आर. 870 पन्नालाल, थाना देहात, सायबर सैल से आर. आदित्य रघुवंशी, आर. नितिन सिंह, आर. अभिषेक ठाकुर, आर. अंकित शर्मा, की विशेष भूमिका रही।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिए काम करता है बजरंग दल...

**छिंदवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक बनने के बाद नरेंद्र पटेल ने परासिया रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि उन्होंने कहा कि जिले में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के हजारों कार्यकर्ता सक्रिय हैं। आगामी समय में गौ-तस्करी, लव जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर संगठन प्राथमिकता से काम करेगा। इसके लिए गांव-गांव और वार्ड स्तर तक टीमों का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एससीएसटी के लोगों को भड़काया जा रहा है कि वह हिन्दू नहीं है। इस तरह उन्हें धोखे में रखा जा रहा है। जबकि हमारे संगठन में जांत पांत को महत्व नहीं दिया जाता। हमारा संगठन सभी समाज के सदस्यों को लेकर समाज हित में काम कर रहा है। अभी तक हमारे संगठन से तकरीबन 7 हजार से अधिक धर्म परिवर्तन कर चुके परिवारों की वापसी करवाई है। आगे भी हमारा संगठन इस दिशा में काम करता रहेगा। उन्होंने कहा समाज के लोग हमें आकर जानकारी दें, हम उनका नाम गुप्त रखेंगे। अपने हिन्दू परिवारों को धर्म परिवर्तन से बचा सकेंगे। उन्होंने संगठन की आगामी कार्ययोजना और रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर से लेकर शहर और जिला स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका में लाया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने पुराने बजरंग दल के अध्यक्षों का भगवा गमछा और मोमेंटो देकर सभी का स्वागत किया।

# आईटीसी कम्पनी ने किसानों के साथ की 90 लाख की धोखाधड़ी

**आलू लेने के बाद कंपनी अधिकारी नहीं दे रहे पैसे, कलेक्टर से की शिकायत**



**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,03 फरवरी. उमरेठ, मोरडोंगरी और सांवरी क्षेत्र के तकरीबन 2 सौ से अधिक किसानों ने आईटीसी कंपनी पर 92 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। किसानों ने बताया कि आईटीसी कंपनी के बेंडर राजश्री एग्रो से हेमराव पवार, गोहते एग्रो से मनीष पवार व अन्य दो बेंडरों ने उमरेठ क्षेत्र के लगभग 250 किसानों ने आलू के अलग अलग किस्म के बीज 12 से 30.50 रूपए किलो से खरीदे थे।**

इसके बाद इन बीजों का बोने के बाद तैयार आलू फसल आईटीसी कंपनी को अनुबंध के मुताबिक बेच दी गई। कंपनी के बेंडरों ने कुछ पैसा दिया और कुछ पैसा कुछ समय देने कहा। किसानों ने इस बात को मान लिया। इसके बाद तय समय सीमा में जब किसानों ने बेंडरों से पैसा मांगा तो झोल-झाल करने लगे। अब कम्पनी के द्वारा पूरा पेमेंट नहीं दिया जा रहा है। कम्पनी के बेंडर द्वारा कहा जा रहा है कि आप लोगों के आलू की गुणवत्ता खराब होने के कारण आपकी राशि काटी गई है किन्तु जब हमारे आलू की खुदाई हो रही थी उस समय कम्पनी के प्रतिनिधि अधिकारी जगह पर मौजूद थे। उन्होंने पूर्णतः आलू की गुणवत्ता की जांच कर आलू लिए है। परन्तु अब भुगतान के समय पर उनके द्वारा भुगतान राशि रोक कर हमारे साथ धोखाधाड़ी कर रहे है। किसान दौलत पवार, छगन लाल, कैलाष पवार, प्रेमलाल पवार, रूपेष पवार, रमेश पवार, दिनेश पवार, दिमाकचंद पवार और अंकित पवार ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि इस मामले की जांच कर हमें हमार पैसा दिलवाया जाए।

### इन अधिकारियों पर की कारगुजारी

आईटीसी कम्पनी के एनके झा (सी.ई.ओ.), दिगान्तो बोरा, किशोर अहिरे (बिजनेस मैनेजर), अमित मंगला (एम पी हेड) और नितेश पाटनकर (क्षेत्रीय अधिकारी) के नाम भी सामने आ रहे है। इन अधिकारियों ने किसानों की एक नहीं सुनी है। अब संबंधित अधिकारियों ने किसानों के फोन उठाना भी बंद कर दिए है।


**नाड़ी परिक्षण ईलाज**

**(1) लकवा, बिपी, शुगर, दारू छोड़ना, पाथरी, मानसिक रोग, स्त्री रोग, सर दर्द, चक्कर , दुबलापन रोग, हड्डी जोड़, दमश्वास, टिबी कैन्सर आदि व अन्य इलाज किया जाता है.**

पंजीयन क्रमांक-24825/25
वैध श्री, धर्मेन्द्र बनारसे
मु. घडेला तह.सौंसर
जिला पादुरना (म.प्र.)
मोबा. 8305876287


**निगम अध्यक्ष धरने में हुए शामिल, कर्मचारियों के हित में उठाई आवाज**

# वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने निगम के सामने दिया धरना

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,03 फरवरी. नगर निगम में एक बार फिर वेतन को लेकर कर्मचारी और निगम आमने सामने सामने हो गए। पिछले दो महीने से तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की हालत खस्ता हो गई है।**

इस बात से नाराज कर्मचारियों ने मंगलवार को निगम के सामने धरना दे दिया। धरने में उनके साथ निगम अध्यक्ष सोनू मागो भी शामिल हुए। उन्होंने कर्मचारियों के पक्ष में निगम पर जमकर आरोप जड़े है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के साथ मिलकर निगम में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। करोड़ों का कर मिलने के बाद भी कर्मचारियों का वेतन नहीं हो रहा है। कर्मचारियों ने निगम कमिष्नर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी तकरीबन एक घंटे तक निगम के सामने बैठे रहे। इस दौरान कमिश्नर ने कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने जल्द से जल्द वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है। अध्यक्ष श्री मागों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि हर बार यही स्थिति बनती है। इस बार कमिश्नर से निवेदन किया है कि इस महीने वेतन नियमानुसार दिया जाए। ऐसा नहीं कि धरने के कारण वेतन दे दिया। आने वाले महीने में फिर दो महीने बाद वेतन दे रहे है। वेतन वितरण हर महीने नियमानुसार किया जाए।

### पचास फीसदी कर्मियों को नहीं मिला वेतन

बता दें कि निगम में तकरीबन 1900 कर्मचारी है। जिनमें तकरीबन पचास फीसदी कर्मचारियों को वेतन मिल गया है। वही पचास फीसदी कर्मचारियों को दो-तीन महीने का वेतन नहीं दिया गया है। ऐसे में उनके परिवार की माली हालत खराब होते जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि ब्याज पर पैसे लेकर काम चलाया जा रहा है। यदि इस महीने भी वेतन नहीं मिला तो ब्याज वाले का ब्याज बढ़ते जाएगा।


**मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक**

डॉ. तुषार ताल्हन
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्पिटल, मुंबई

मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ

संपर्क करें 8109790451

मिलने का समय
दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध सुविधाएं
• नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
• सरदर्द माइग्रेन
• नींद की बीमारिया
• ईईजी जांच सुविधा
• बुद्धि की जांच
• डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
• दौरे/मिर्गी की बीमारी
• सिज़ेफ्रेनिया
• बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
• पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
• बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
• बायोफीडबैक रिलैक्शन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)

पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूमे बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा






सेगमेंट में पहली बार ऐसे फ़ीचर्स#

हाई इंटेंसिटी पोज़िशन लैम्प के साथ LED हेडलाइट

हैज़र्ड लाइट विंकर

SMS और कॉल अलर्ट के साथ ब्लूटूथ

इको इंडिकेटर के साथ फुली डिजिटल मीटर

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

India's First 5 Year Warranty *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. ¥Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहराः अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़ः अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौरः मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वासः ओम मोटर्स, 9009066959, मझौलीः न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोहः इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/06/25



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589